तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 17 जुलाई 2024


11 बहुड़ा यात्रा के साथ मौसीबाड़ी से लौटे प्रभु जगन्नाथ...


12 जिपं. उपाध्यक्ष संजय ने रंगमंच निर्माण के लिए दो...



# मानसून की पहली बारिश के साथ झरने का आनंद लेने जतमई-घटारानी में उमड़े लोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

काफी इंतजार के बाद राजिम क्षेत्र में मानसूनी बारिश हुई तो नदी, नाले और खेत ऊफान मारने लगा। एक तरफ जंगल और पहाड़ों से घिरा सुप्रसिद्ध जतमई-घटारानी में झरने का आनंद लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंचने लगे हैं तो दूसरी ओर राजिम के तीन नदियों के संगम में भी बाढ़ की धार देखने लायक है। हालांकि यह इस साल की पहली बाढ़ है। कुछ घंटो के लिए नदी के बीच कुलेश्वर महादेव मंदिर का चबूतरा भी थोड़ा घिर आया था लेकिन धीरे-धीरे बाढ़ का पानी उतरने लगा है। राजिम और नवापारा शहर के युवक-युवतियां बड़ी संख्या में अपने संसाधनों से प्राकृतिक झरने का आनंद लेने यहां से करीब 25-30 किमी दूर घटारानी और जतमई पहुंचे। वहां से लौटकर आने पर बताया कि दूर-दूर से लोग इस झरने का आनंद लेने नहाने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचने लगे हैं। पहाड़ के ऊपर से झरने की आवाज रोमांचित कर देने वाला है। इस रोमांचित वातावरण में पिकनिक मनाने वाले सैलानियों की मानो बाढ़ सी आ गई है। पहली बारिश होने के साथ ही गर्मी से उब चुके लोग अपने परिवार और मित्र मंडलियों के साथ यहां आकर अपने ग्रुपो में खाना भी बना रहे है और सामुहिक रूप से बैठकर इसका आनंद भी ले रहे है। शहरीय लोग तो कह रहे है कि पिछले चार महिने की गर्मी ने बेहाल करके रख दिया था सो बारिश और प्राकृतिक वातावरण का आनंद लेने खुले आकाश में घूमने ▸▸|शेष पेज 10 पर

### राजिम में तीनों एनीकट के ऊपर से बाढ़ की धार





## विडंबना : शासकीय प्राथमिक शाला की 5 कक्षाएं झोपड़ी के एक कमरे में हो रही है संचालित

# झोपड़ी में संचालित स्कूल से मोतीपानी के आदिवासी बच्चे भविष्य गढ़ने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

बेहतर शिक्षा व्यवस्था के तमाम दावों की पोल खुल रही है। जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में आजादी के 75 वर्षों बाद भी इस रत्नांचल क्षेत्र के बच्चों को पढाई करने के लिए शासन प्रशासन द्वारा एक स्कूल भवन तक उपलब्ध नहीं कराया जा सका है जिसके कारण आज भी मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में पहाडी के ऊपर कहीं पेड के नीचे शासकीय स्कूलों का संचालन हो रहा है तो कही प्रधानमंत्री आवास में और यह सब जानकारी होते हुए भी संबधित विभाग के अफसर जानने के बाद सिर्फ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण कर अपने कर्तव्यों का इती श्री कर रहे हैं। जबकि होना यह चाहिए कि धरातल पर पहुंचकर वस्तु स्थिति से अवगत होकर समस्या का समाधान करना जरूरी है, लेकिन शायद यह सिस्टम का हिस्सा बन गया है कि सच्चाई का आईना दिखाने पर खबर को ही नकारा जाए।

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 35 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत भुतबेड़ा के आश्रित ग्राम मोतीपानी में आज से 24 वर्ष पहले शासन ने शासकीय प्राथमिक शाला प्रारंभ किया है और वर्तमान में इस स्कूल में 36 छात्र- छात्राएं अध्यनरत है। इन बच्चों को पढ़ाने के लिए दो शिक्षक की व्यवस्था किया गया है, लेकिन एक शिक्षक को अन्यत्र व्यवस्था कर देने के कारण एक शिक्षक झोपड़ी के भीतर एक कमरे में पांच कक्षाओं को का संचालन कर रहे हैं। इस सबंध में ग्राम पंचायत भुतबेड़ा के सरपंच अजय नेताम, वरिष्ठ ग्रामीण गुलाल मरकाम, पतिराम, रविन्द्र, दुलार मरकाम, नवल सिंह ने बताया कि लगभग 24-25 वर्ष पहले मोतीपानी में शासकीय प्राथमिक शाला प्रारंभ किया गया है और 15 वर्ष पहले यहां लगभग 05 लाख 35 हजार रूपए के लागत से स्कूल भवन का निर्माण भी किया गया था, लेकिन स्कूल भवन पूरी तरह जर्जर हो गया है, स्कूल भवन के भीतर छत से बड़े- बड़े प्लास्टर के टूकडे गिर रहा है, दीवारों में बड़ी- बड़ी दरारे आ गई हैं। जिसके कारण इस जर्जर स्कूल भवन में कक्षा संचालित करना किसी खतरे से कम नहीं था जिसके कारण ग्रामीणों ने अपने स्वंय के पैसे से 3 वर्ष पहले एक कमरे का झोपडीनुमा स्कूल का निर्माण किया है और इस स्कूल में पिछले 3 वर्षों से प्राथमिक शाला का संचालन किया जा रहा है, ऐसा नहीं कि इसकी जानकारी स्थानीय अधिकारियों को न हो स्थानीय अधिकारी कई बार स्कूल का निरीक्षण कर चुके है लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है, और आदिवासी क्षेत्र के बच्चे अपने सुनहरे भविष्य इस झोपड़ी के भीतर गढ़ने मजबूर हो रहे है।

### बेहतर शिक्षा व्यवस्था को ठेंगा दिखाता मोतीपानी का स्कूल



### अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य 2 माह से बंद

ग्राम मोतीपानी में लाखों रूपये अतिरिक्त कमरा निर्माण के लिए स्वीकृत किया गया है, इसे कौन निर्माण एजेंसी द्वारा कार्य किया जा रहा है, कोई ग्रामीणों को पता नही है, गर्मी के दिनों में नीव खोदकर प्लीनंथ तक निर्माण कर कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। यदि इस अतिरिक्त कमरा का निर्माण कर दिया जाए तो यहां के बच्चों को काफी सुविधा मिलेगी।

### दी है जानकारी

मोतीपानी प्राथमिक शाला एक कमरे की झोपडी में संचालित हो रहा है जिसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को हमारे द्वारा पूर्व में दिया जा चुका है।

-शिवकुमार नागे, मैनपुर बीआरसीसी

## नदी-नाले उफान पर ट्रैक्टर डूबा, ड्राइवर ने कूद कर बचाई जान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

ओड़िशा में भारी बारिश के चलते मैनपुर क्षेत्र के नदी- नाले में उफान देखने को मिल रहा है। अचानक बाढ़ आने से ट्रैक्टर डूब गया। जान बचाने चालक और ट्रैक्टर में सवार ग्रामीण कूद कर तैरते हुए बाहर निकले। मिली जानकारी के अनुसार जिले के मैनपुर विकासखंड अंतर्गत राजापड़ाव गौरगाव क्षेत्र किसान धोबनडीह नदी को पार कर ट्रैक्टर के माध्यम से अपने खेत में दवा छिड़काव करने गया था वापस लौट रहा था कि अचानक नदी में बाढ़ आ गई और देखते ही देखते ट्रैक्टर पूरी तरह डूब गया। कूद कर जान बचाकर वाहन चालक और अन्य ग्रामीण नदी किनारे पर पहुंचे। मक्का फसल में दवाई छिड़कने किसान ट्रेक्टर लेकर गया था आते वक्त अचानक से सोंढुर नदी में बाढ़ आ गया जिससे लोग जान बचाने के लिए ट्रैक्टर को छोड़कर भागे। किसान कंवल सिंह मंडावी का ट्रैक्टर है। घटना मंगलवार शाम 4 बजे की है। ज्ञात हो की मैनपुर विकासखंड क्षेत्र की राजापडाल गौरगांव क्षेत्र में हर वर्ष बरसात के दिनों में ओड़िशा ▸▸|शेष पेज 10 पर

प्रवेश प्रारंभ
BCA
PGDCA
DCA
B.P.Ed.
B.P.E.
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

## खबर संक्षेप

### गुरु पूर्णिमा 21 को होंगे कार्यक्रम

**मुड़ागांव(कोरासी)।** विकास खण्ड छुरा के ग्राम पंचायत नवापारा (भी) के आश्रित ग्राम भैरा में 21 जुलाई को समस्त ग्रामवासी की सहयोग से अखिल विश्व गायत्री परिवार ब्लाक छुरा ईकाई अकलवारा के द्वारा गुरु पुर्णिमा कार्यक्रम रंगमंच प्रांगण में संपन्न होगा। जिसमें ईकाई प्रमुख प्रेमसिंग दीवान, हृदय राम साहू, आसकरण साहू, हेमलाल पटेल गेवरचंद निषाद, महेश दीवान, नंदकुमार यदू, संतोष दीवान, तिरथ निर्मलकर धरमसिंह ध्रुव शिक्षक सहित समस्त ग्रामवासी तैयारी में लगे हुए है।

### मोहर्रम पर आज शुष्क दिवस घोषित

**महासमुंद।** राज्य शासन द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए बुधवार 17 जुलाई 2024 को मोहर्रम के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर प्रभात मलिक ने मोहर्रम के लिए घोषित शुष्क दिवस पर महासमुंद जिले की समस्त देशी, विदेशी, कंपोजिट, प्रीमियम मदिरा की फुटकर दुकानों, एफएल-3 सपना बार एंड रेस्टोरेंट तथा देशी मदिरा भंडारण भांडागार, महासमुंद को बंद रखने के लिए आदेशित किया है। उक्त दिवस में मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

### महुआ शराब की बिक्री, दो के खिलाफ मामला

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने महुआ शराब बिक्री के दो अलग-अलग मामलों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि ग्राम चिपरीकोना के सपनो सिदार पिता राम सिदार (36 साल) के कब्जे से 9000 एमएल महुआ शराब कीमत 1800 रुपए और ग्राम मंजनीमाटी के अनिश धृतलहरे पिता तेजराम (19 साल) के कब्जे से 6000 एमएल महुआ शराब कीमत 1800 रुपए को जब्त किया गया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) के तहत कार्रवाई की गई।

### युवती ने फांसी लगाई

**महासमुंद।** ग्राम नाहनाचंडी रायपुर निवासी युवती ने सरायपाली में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सरायपाली पुलिस ने बताया कि हेमलता जांगड़े पिता भारतलाल जांगड़े (29 साल) निवासी ग्राम नाहनाचंडी रायपुर ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच विवेचना शुरू कर दी है।

### पेट्रोल पंप कर्मचारी से युवकों ने मारपीट की

**महासमुंद।** उधार में पेट्रोल डालने से मना करने पर दो बाइकों में सवार होकर आए युवकों ने पंप कर्मचारी से मारपीट कर दी। मामला ग्राम शेर स्थित पेट्रोल पंप का है। सिटी कोतवाली में प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि दुजेंद्र साहू पिता कार्तिक साहू (22 साल) ग्राम शेर के सनराइस किसान सेवा केंद्र पेट्रोल पंप में काम करता है। 15 जुलाई की सुबह 9 बजे पल्सर मोटर साइकल सीजी 06 जीएक्स 1554 तीन लड़के एवं बिना नंबर की बजाज प्लेटिना में तीन लोग पंप में आए। पुलिस ने बताया कि पल्सर चालक अनिल ध्रुव ने अपनी बाइक में उधार में पेट्रोल डालने कहा। जब प्रार्थी ने उसे कहा कि पूर्व में भी उधार है और पैसा दो, तब पेट्रोल डालूंगा।

## पीडीएस दुकान का सर्वर डाउन, उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुड़ागांव(कोरासी)

जिले के ग्राम मड़ेली के शासकीय उचित मूल्य की दुकान में सर्वर के चलते दिक्कत आ रही है। वन नेशन वन कार्ड योजना में राशन दुकान को इलेक्ट्रॉनिक पांइट आफ सेल्स, ई-पाश के माध्यम से उपभोक्ताओं का थंब लगाकर चांवल, शक्कर आदि का वितरण किया जा रहा है। सर्वर डाउन होने के कारण थंब मशीन नहीं चल पा रहा है, जिसके चलते हितग्राहियों को सुबह जाने पर दोपहर और दोपहर को जाने पर शाम को बुलाया जाता है। इसके बाद भी राशन उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। ऐसे में दुकान संचालक भी दुकान बंद कर वापस चलें जातें हैं। अनुभागिय अधिकारी (रा) छुरा के मौखिक निर्देश पर खाद्य विभाग के अधिकारी मौर्या मैडम जांच हेतु शासकीय उचित मूल्य की दुकान मड़ेली में उपस्थित हुए। ग्राम पंचायत मड़ेली के सरपंच प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने खाद्य विभाग के अधिकारी को ▸▸|शेष पेज 10 पर



## पिता की फावड़ा से हत्या, पुत्र गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

बीती सोमवार की आधी रात एक कलयुगी कुपुत्र ने फावड़ा से अपने पिता को ही मौत के घाट उतार दिया। घटना ग्राम जौंदी की है जो नवापारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत है। जानकारी के मुताबिक घटना को अंजाम देने के बाद वह घर में ही मौजूद रहा। परिजनो ने पुलिस को खबर किया। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आरोपी पुत्र इंद्रकुमार साहू उम्र 25 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। बताया गया है कि रात में खाना खाते वक्त किसी बात पर वह नाराज हो गया। उसकी मां उन्हें खाना खाने के लिए कहा तो वह विवाद करने लगा। पुत्र को विवाद करते देख पिता कमल नारायण साहू उम्र 58 वर्ष ने उसे फटकारा। पिता के डांट सुनने के बाद वह आपे से बाहर हो गया। फिर तो वहां पड़ी रापा को हाथ में उठा लिया। रापा को उठाते देखा तो अपने बचाव के लिए पिता ने सिलबट्टे को उठाने के लिए जैसे ही झुका वैसे ही उस पुत्र ने पिता के गले में रापा से वार कर दिया। रापा के वार को वह बुजुर्ग पिता झेल नही सका वहीं वह गिर गया और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। बता दें कि रापा का वार जैसे ही पड़ा पिता जोर से चीखा इतने में उनके बड़े पुत्र रेखू साहू उम्र 34 वर्ष बीचबचाव के लिए पहुंचा। आरोपी ने अपने बड़े भाई के ऊपर भी वार कर उसे भी लहुलुहान कर दिया। बताया गया है कि मृतक कमल नारायण ▸▸|शेष पेज 10 पर





### ग्राम जौंदी की घटना

## तालाबंदी करते ही एक शिक्षक लेकर स्कूल पहुंचे अधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

ग्राम पंचायत गोपालपुर के शासकीय प्राथमिक शाला में कक्षा 1ली से 5वी तक के 40 से ज्यादा छात्र- छात्राओं को पढ़ाने के लिए मात्र एक शिक्षिका होने के कारण पढ़ाई प्रभावित हो रहा था। ग्रामीण कई बार आवेदन, निवदेन कर थक चुके थे और सोमवार को मैनपुर एसडीएम को ज्ञापन सौपकर बताया गया था कि मंगलवार तक शिक्षक की व्यवस्था नहीं किया गया तो मंगलवार को स्कूल में सभी ग्रामीण तालाबंदी करेंगे। वहीं सुबह 9 बजे ही सरपंच खेलन दीवान के नेतृत्व में ग्रामीण जन एवं पालक स्कूल में एकत्र हुए बच्चों के स्कूल पहुंचे ही सभी बच्चों को स्कूल के बाहर पालकों ने बिठा दिया और स्कूल भवन के मुख्य गेट में ताला जड़ ▸▸|शेष पेज 10 पर

### पढ़ाई हो रही थी प्रभावित

कई बार शिक्षक की मांग कर थक चुके थे हमारे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रहा था। जिसके कारण हम ग्रामीण आज तालाबंदी किये थे। लेकिन यहां तत्काल एक और शिक्षक की व्यवस्था कर देने से ताला खोल दिया गया और पढ़ाई सुचारू रूप से जारी है।

-खेलन दीवान, सरपंच गोपालपुर

### की गई शिक्षक की व्यवस्था

ग्रामीण गोपालपुर स्कूल में शिक्षक की मांग कर रहे थे। एक शिक्षक की आज व्यवस्था किया गया है, ग्रामीणों ने महज आधे घंटे ही तालाबंदी किये थे।

-शिवकुमार नागे, बीआरसीसी मैनपुर

## जनचौपाल में मिले 42 आवेदन

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जनदर्शन आयोजित की गई। जिसमें जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आये। इस दौरान जनदर्शन मे आने वाले सभी लोगों की समस्या और उनके समाधान का निराकरण भी किया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने आज जनदर्शन में 42 लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में देवभोग क्षेत्र के कुछ किसानों ने 2023 में अल्प वर्षा से प्रभावित गांवो को सूखा राहत दिलाने, ग्राम परेवापाली के ग्रामीणों ने निष्टीगुड़ा से परेवापाली होते हुए सेन्दमुड़ा पहुंच मार्ग के संबंध में, राजिम की दुर्गा सोनी एवं मीना सोनी ने आवासीय भूमि का पट्टा जारी करने, ग्राम बहेरापाल के लोगो ने खाली जमीन पर वृक्षारोपण कराने, ग्राम धुरवागुड़ी के देवबिलास सिन्हा ने अपनी पुत्री को प्री-मेट्रिक बालिका आश्रम में जगह दिलाने, ग्राम देवगांव की परमेश्वरी नगारची ने भगिनी प्रसूति सहायता योजना के तहत ऑनलाईन कराने, ग्राम मोंहदा की सूरत बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना का तृतीय किश्त की राशि प्रदान करने, ग्राम नहरगांव के बलराम ध्रुव ने जमीन अतिक्रमण मामले में सुनवाई एवं मुआवजा दिलाने, श्रीसांई फ्यूल्स पाण्डुका ने डीजल, पेट्रोल व ऑयल की बकाया राशि प्रदाय करने आवेदन प्रस्तुत किये। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वस्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, अपर कलेक्टर अरविन्द पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।




पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

# छत्तीसगढ़ से खेलेंगे मुंबई के स्टार क्रिकेट खिलाड़ी भूपेन लालवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी और विजय हजारे समेत सैयद मुश्ताक टी-20 ट्रॉफी के लिए मेंस सीनियर खिलाड़ियों की सूची जारी की है, जिसमें मुंबई से सलामी बल्लेबाज भूपेन लालवानी का नाम शामिल है। भूपेन के आने से अब छत्तीसगढ़ की टीम और भी मजबूत हो सकती है। बता दें कि 2023-24 सीजन के रणजी ट्रॉफी में सर्वाधिक रन बनाया था। अब आगे घरेलू सीजन में छत्तीसगढ़ के लिए खेलने का फैसला किया है, क्योंकि वह घरेलू क्रिकेट में सफेद गेंद के खेल खेलना चाहते हैं। जानकारी के मुताबिक लालवानी ने इस संबंध में मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन, एमसीए को अनापत्ति प्रमाणपत्र, एनओसी के लिए आवेदन किया था। संघ के 36 खिलाड़ियों की सूची में शशांक सिंह, अमनदीप खरे, अजय मंडल समेत प्रदेश के खिलाड़ी शामिल हैं।

खास खबर

## पिछले सीजन में रणजी ट्रॉफी में बनाए थे सर्वाधिक रन

- छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने 36 सीनियर खिलाड़ियों की सूची की जारी



### 10 मैच में 5 अर्धशतक और 1 शतक

शानदार प्रदर्शन करते हुए लालवानी ने पिछले सीजन में मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी में 10 मैचों में 39.20 औसत से 588 रन बनाए, जिसमें पांच अर्धशतक और एक शतक शामिल था। अभी तक 14 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने एक शतक और पांच अर्धशतकों के साथ 681 रन औसत 34.05 रन बनाए हैं, लेकिन अभी तक उन्होंने वनडे या टी 20 क्रिकेट में पदार्पण नहीं किया है।

### सफेद गेंद से आईपीएल की तैयारी

आईपीएल में खेलने के लिए भूपेन छत्तीसगढ़ टीम से घरेलू क्रिकेट में सफेद गेंद से खेलना चाहते हैं। उनका कहना है कि बेहतर अवसरों के लिए मुंबई छोड़ रहा हूं, मैं सभी प्रारूपों में घरेलू क्रिकेट खेलना चाहता हूं, जो मुझे छत्तीसगढ़ के लिए मिलेगा। लालवानी के साथ छत्तीसगढ़ के ड्रेसिंग रूम में अब तीसरे मुंबई के खिलाड़ी होंगे। आईपीएल-2024 में पंजाब किंग्स के लिए अच्छा प्रदर्शन करने वाले शशांक सिंह और विकेटकीपर-बल्लेबाज एकनाथ केरकर जिन्होंने 2022 के घरेलू सीजन में मुंबई के सलामी बल्लेबाज अखिल हेरवाडकर भी छत्तीसगढ़ के लिए खेले थे, जबकि मुंबई के पूर्व विकेटकीपर सुलक्षण कुलकर्णी 2016-17 सीजन में मध्य भारत की टीम के मुख्य कोच थे। पांडिचेरी चले गए ऑलराउंडर अमन खान के बाद लालवानी दूसरे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने इस सीजन में मुंबई छोड़ी है।

## खबर संक्षेप

### राज्य कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधाएं देने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों सहित प्रांताध्यक्ष अनिल सिन्हा ने राज्य कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधाएं देने की मांग स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से की है। इस मौके पर संघ के प्रांताध्यक्ष श्री सिन्हा ने बताया कि लिमिटेड वेतन पर गुजर-बसर कर रहे कर्मचारी पर वज्रपात हो जाता है, जब परिवार का सदस्य बीमार हो जाता है। ज्ञात हो कि हरियाणा सरकार ने हरियाणा दिवस के अवसर पर 1 जुलाई से अपने कर्मचारियों को कैशलेस स्वास्थ्य योजना का तोहफा दिया है। इसी तरह राज्य कर्मचारियों के लिए राज्य स्थापना दिवस 1 नवंबर से कैशलेस स्वास्थ्य योजना लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यालयों में प्रति तीन माह के अंतराल में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाएं, ताकि बीमारियों का समय पूर्व निदान हो सके। मांग करने वालों में संघ के तीरथराम साहू, जीआर चंद्राकर, दिनेश चंद्राकर, डॉ. विद्यावती चंद्राकर, मनीष दीपक साहू, योगेश्वर साहू, श्रवण सिन्हा, बीआर साहू, गोविंद राम साहू, गोपेश्वर वर्मा आदि शामिल थे।

### बाइक से रेस लगाने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** धरसींवा थाने में एक युवक ने दूसरे युवक के खिलाफ बाइक से रेस लगाने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, आर्यन बंजारे ने गोलू उर्फ गंगाधर ध्रुव के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। आर्यन ने पुलिस को बताया कि वह सिलयारी में रविवार को अपने दोस्त के साथ खड़ा था। इसी दौरान गोलू नशे की हालत में उसके पास पहुंचा और बाइक से रेस लगाने के लिए कहा। आर्यन द्वारा रेस लगाने की बात से इनकार करने पर गोलू ने आर्यन के साथ मारपीट की।

### दिनदहाड़े फायरिंग, कानून व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने राजधानी रायपुर के तेलीबांधा क्षेत्र अंतर्गत एक कारोबारी के कार्यालय के बाहर दिनदहाड़े फायरिंग की घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि एक समय राजधानी रायपुर को शांत शहर के नाम पर जाना जाता था और छत्तीसगढ़ को शांति के टापू के नाम से जाना जाता था, लेकिन राज्य गठन होने के बाद विगत दो दशक से रायपुर अशांत हो गया है। रायपुर में अपराध का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है, गोलीकांड और फायरिंग जैसी गंभीर घटनाएं सामने आ रही हैं, जो की बहुत ही दुख और चिंता का विषय है।


### नीलिमा को पीएचडी

**रायपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर ने नीलिमा सिन्हा को



मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग एवं मटेरियल साइंस विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय थ्योरोटीकल डेवलपमेंट ऑफ नोवल पोरस मटेरियल विथ दियर एप्लिकेशन इन सस्टेनेबल एनर्जी टेक्नोलॉजी रहा। उन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. पखीरा एवं डॉ. धीरेंद्र राय के नेतृत्व में पूर्ण किया। डॉ. नीलिमा के नाम पर 10 से अधिक एससीआई-स्कोपस अनुसंधान प्रकाशित हैं। वर्तमान में वे आईआईटी मुंबई में शोधरत हैं। वे भाठागांव निवासी भूपेश कुमार सिन्हा एवं शकुंतला सिन्हा की सुपुत्री हैं।

### तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया पौधारोपण



**रायपुर।** सिंधी साहिती बिरादरी मंडल द्वारा तेलीबांधा मुक्तिधाम में पौधारोपण किया गया, जिसमें 45 पौधों लगाए गए। पौधारोपण करने वालों में मंडल के अध्यक्ष दिलीप इसरानी, महासचिव सुनील अजवानी के साथ ऋतुराज पेशवानी, नरेश लालवानी, हरीश अजवानी, शंकर लाल दानवानी, राजेश विधानी, अनिल हिमानी एवं गोविंद खेमानी उपस्थित रहे।

## शहरी क्षेत्र में मनरेगा लागू नहीं होने से फंड के अभाव में अटक रहा निर्माण

# निगम सीमा में 469 आंगनबाड़ी भवन विहीन हर महीने 12 लाख से ज्यादा किराया भी दे रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्मार्ट सिटी में जहां कई हाईटेक सुविधा लोगों को मिल रही है, वहीं वार्डों में गर्भवती महिलाओं और बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए चलाए जा रहे आंगनबाड़ी केन्द्रों में 469 का संचालन किराए के भवनों में किया जाता है। शहर में जगह और फंड के अभाव में विभाग को किराए के भवनों में संचालित केंद्रों का हर महीने 12 लाख से ज्यादा किराया देना पड़ रहा है। शहरी क्षेत्र में मनरेगा लागू नहीं होने व सिर्फ 30 प्रतिशत बजट ही विभाग को सरकार से मिलता है। इससे किराए के भवनों से आंगनबाड़ी केन्द्रों को मुक्ति नहीं मिली।

अलग खबर

जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग के भवनों की स्थिति जांचने पर नई बात सामने आई। इसमें पता चला कि रायपुर जिले में 1882 आंगनबाड़ी एवं मिनी केंद्र हैं। इनमें से ग्रामीण क्षेत्र में ही 1410 केंद्रों का संचालन विभाग द्वारा बनवाए गए भवनों में किया जाता है। ग्रामीण बेल्ट में सिर्फ 3 केंद्र ही ऐसे हैं, जिनके लिए भवन नहीं बना है। इस मामले में शहरी क्षेत्र की आंगनबाड़ियों में स्थिति ज्यादा खराब है। वजह जांचने पर पता चला कि शहरी क्षेत्र यानी निगम सीमा में मनरेगा के तहत काम कराने की गाइडलाइन नहीं है। इसके कारण भवन बनाने पर होने वाले कुल खर्च 12 लाख 50 हजार का 70 फीसदी फंड मनरेगा व 30 प्रतिशत राज्य शासन से मिलता है। अभी राज्य शासन से फंड मिलने के बाद भी भवनों का निर्माण अटका है।




- ग्रामीण बेल्ट में सिर्फ 3 केंद्र ही ऐसे हैं, जिनके लिए भवन नहीं बना

### अभी शहरी क्षेत्र के लिए स्वीकृति नहीं

समय-समय पर शहरी क्षेत्र में भी आंगनबाड़ी बनाने के लिए फंड मिलता है। निगम सीमा में मनरेगा लागू नहीं होने की वजह से भवन निर्माण नहीं हो पा रहा है। शहरी क्षेत्र में केन्द्र बनाने स्वीकृति भी नहीं मिली। नियम के मुताबिक किराए की तय राशि केंद्रों को दी जाती है।

**- निशा मिश्रा,** डीपीओ, महिला एवं बाल विकास विभाग, रायपुर

### किराए के भवनों में जगह भी कम

शहर की सीमा में गर्भवती महिलाओं व कुपोषित बच्चों को पौष्टिक आहार देने की व्यवस्था किराए के भवनों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को करनी पड़ रही है। विभाग से किराया कम मिलने से एक कमरे और छोटे बरामदे के रूप में मिलने वाली जगह में ही बैठाना पड़ता है। बच्चों को खेलने की सुविधा भी किराए के भवनों में खुले आंगबाड़ी केंद्रों में नहीं मिलती। ऐसे भवनों में केंद्र होने से गोद भराई व अन्नप्राशन का आयोजन निगम के भवनों के भरोसे होता है। सीमित जगह होने से आंगनबाड़ी केन्द्र में मिलने वाली सुविधा भी प्रभावित है।

### नहीं मिल रहा मनरेगा का 8.75 लाख

एक आंगनबाड़ी भवन बनाने का खर्च 12.50 लाख रुपए आता है। इसमें 8 लाख 75 हजार रुपए मनरेगा से होने वाले काम के बदले ग्रामीण क्षेत्र को मिल जाते हैं। इससे ग्रामीण इलाके में 1410 आंगबाड़ी भवन विभाग ने बनवा लिया है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति शहरी क्षेत्र यानी निगम सीमा में आने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों की है। यहां मनरेगा के तहत काम कराने का नियम नहीं है। इससे 469 केंद्रों का भवन अभी तक नहीं बना है। इसका खामियाजा विभाग को हर महीने किराया भुगतान करना पड़ रहा है। सुविधा भी गाइडलाइन के अनुरूप नहीं मिलती।

# स्वीमिंग पूल में एनआईटी के छात्र की डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में पांच दिन पूर्व स्वीमिंग सीखने गए एनआईटी सेकेंड ईयर के छात्र की पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना 11 जुलाई शाम 4 बजे के करीब हुई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच करने तथा छात्र के पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मृतक खमतराई में रहने वाले कारोबारी का पुत्र बताया जा रहा है।

- मौके पर उपस्थित एम्स के चिकित्सक ने छात्र को डूबते देख स्वीमिंग पूल से बाहर निकलवाया
- घटना सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में पांच दिन पूर्व की, छात्र की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत

पुलिस के मुताबिक, स्वीमिंग पुल में डूबने से कोंडरी आयुष की मौत हुई है। घटना दिनांक को कोंडरी आयुष सेकेंड शिफ्ट में स्वीमिंग सीखने के लिए गया था। स्वीमिंग पूल में एम्स अस्पताल का एक डॉक्टर भी आया हुआ था।

बताया जा रहा है, कोंडरी आयुष तैरते हुए काफी दूर निकल गया। वापस लौटने के दौरान वह डूबने लगा। इसी दौरान मौके पर उपस्थित डॉक्टर ने छात्र को स्वीमिंग पूल में डूबते हुए देख उपस्थित सुरक्षाकर्मियों को छात्र को स्वीमिंग पूल से बाहर निकालने के लिए कहा।

### पेट से पानी निकालने के बाद भी नहीं बची जान

पुलिस के अनुसार, कोंडरी आयुष को स्वीमिंग पूल से बाहर निकालने के बाद डॉक्टर ने छात्र के पेट दबाकर पानी निकालने की कोशिश की तो छात्र ने उल्टी की। इसके बाद छात्र को गंभीर स्थिति में उपचार के लिए एम्स अस्पताल ले जाया गया। पांच घंटे के उपचार के बाद भी उसे नहीं बचाया जा सका। छात्र के लंग्स में काफी मात्रा में पानी जमा होने की वजह से मौत होने की बात सामने आई है।

## मामूली विवाद पर चाकू से जानलेवा हमला, आठ गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- घटना आमानाका थाना क्षेत्र की
- बोर चालू करने के विवाद पर जानलेवा हमला

आमानाका थाना क्षेत्र में मामूली विवाद के चलते चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने आठ बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बोर चालू करने की बात को लेकर गाली-गलौज करने से रोकने पर बदमाशों ने लांड्री कर्मचारी पर लाठी, डंडे, चाकू तथा नारियल काटने वाले औजार से जानलेवा हमला कर दिया।

पुलिस के मुताबिक, खेमचंद चौधरी की शिकायत पर ऋषभ नेताम, सूरज नेताम, विशाल जगत, संजय सोनी, आदित्य नाग, यशवंत सोनी, जय सोनी, रमाकांत यदु को गिरफ्तार किया है। खेमचंद ने पुलिस को बताया कि वह रविवार को अपने साथियों के साथ डूमर तालाब अटल आवास स्थित लांड्री वर्कशॉप के पास बैठा था। अटल आवास के पास बैठे बदमाशों ने खेमचंद को बोर चालू करने के लिए कहा। बोर चालू करने में देर होने पर बदमाश खेमचंद के साथ गाली-गलौज करते हुए वर्कशॉप के शटर को लात से पीटने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसके शरीर के अलग-अलग भाग में चाकू तथा नारियल काटने वाले औजार से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए, जिन्हें बाद में पुलिस ने तलाश कर गिरफ्तार किया।

## 33 जिलों के लिए माह जुलाई का 552 किलोलीटर केरोसिन आवंटित



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के 33 जिलों के लिए खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने 552 किलोलीटर केरोसिन उचित मूल्य दुकानों के लिए आबंटन जारी किया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत माह जुलाई 2024 के लिए गैर अनुसूचित क्षेत्रों के गैस कनेक्शनधारी राशनकार्डो में भी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत केरोसिन प्रदाय किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत प्रचलित राशनकार्डों एवं हॉकर्स के लिए उचित मूल्य दुकानवार ऑनलाइन आवंटन जारी किया गया है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अुनसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रचलित समस्त अंत्योदय एवं प्राथमिकता वाले राशनकार्डधारी हितग्राहियों को केरोसिन की पात्रता होगी। इसी प्रकार समस्त नगरीय क्षेत्रों के राशनकार्डधारियों के लिए अधिकतम एक लीटर केरोसिन की पात्रता होगी और ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्रों के राशनकार्डधारियों तथा गैर अनुसूचित क्षेत्रों के राशनकार्डधारियों को अधिकतम 2 लीटर केरोसिन की पात्रता होगी। खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के संचालक ने इस संबंध में सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी किए हैं और उचित मूल्य दुकान के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को केरोसिन का वितरण कराने के लिए कहा है।

# मंत्री बघेल ने कहा- खाद्य वस्तुओं की आपूर्ति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने ली समीक्षा बैठक

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने सोमवार को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के सभा कक्ष में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर खाद्य विभाग के सचिव बसवराजू एस. विशेष सचिव केडी कुंजाम और खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

खाद्य मंत्री श्री बघेल ने कहा कि विभाग का दायित्व एवं प्राथमिकता सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रदेश के गरीब और जरूरतमंद नागरिकों को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है और समय पर उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से राशन उपलब्ध कराना है। दूरस्थ क्षेत्रों में चना, गुड़, शक्कर, राशन आदि की आपूर्ति समय पर करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि खाद्य वस्तुओं के आपूर्ति, भण्डारण एवं वितरण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। खाद्य मंत्री ने चावल के गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के सख्त निर्देश दिए हैं और उचित मूल्य दुकानों आंगनबाड़ी, स्कूल, छात्रावास में गुणवत्ता युक्त चावल भण्डारण एवं वितरण करने के लिए कहा है।

समीक्षा बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के लक्ष्य के विरुद्ध चावल उपार्जन की स्थिति, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत चना वितरण करने के संबंध में चर्चा कह गई। शक्कर, नमक तथा केरोसिन उपभोक्ताओं को वर्षा ऋतु से पूर्व अग्रिम भण्डारण सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई।

## पेज 9 के शेष...

### मानसून की पहली...

के लिए वे राजिम क्षेत्र के नदी, नालो, झरनो और पहाड़, जंगल का आनंद लेने पहुंचे हैं।

**पुलिस प्रशासन को अतरिक्त सुरक्षा बढ़ाने की जरूरत-** बता दें कि अब चाहे वह रविवार हो अथवा दीगर पर्वो की छुट्टी। घटारानी और जतमई में भीड़ उमड़ेगी। वैसे दोनों ही देवी मां का स्थल धार्मिक और पर्यटन के दृष्टिकोण से आसपास के कई जिलों में ख्याति प्राप्त किया हुआ है। राजिम से लेकर घटारानी और जतमई मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें भी सड़कों पर देखने को मिलेगी। इन वाहनों में एक-दूसरे से आगे बढ़ने की होड़ भी मचेगी। क्योंकि पिछले वर्षो में होड़ के चलते वाहनों के बीच कई घटना-दुर्घटना भी हुई है। लिहाजा पुलिस प्रशासन को इस पर अतिरिक्त सुरक्षात्मक सतर्कता बरतना होगा। पहाड़ से नीचे गिरने वाली झरने का झर-झर बहते पानी पर्यटकों को लुभाने के साथ काफी आकर्षित भी करता है।

### नदी-नाले उफान

में बारिश होने के कारण अचानक किसी भी समय नदी नाले में बाढ़ आ जाता है और हमेशा दुर्घटना की अंदेशा बना रहता है। इस क्षेत्र के ग्रामीण लंबे समय से पुल- पुलिया निर्माण की मांग कर रहे हैं।

### पीडीएस दुकान का...

दुकान में हो रहे परेशानियों से निजात दिलाने हेतु सर्वर डाउन की समस्या बहाल कर सर्वर पुरा महीना रहना चाहिए एवं माह का खाद्य सामग्री को तीन से चार क़िस्तों में भण्डारण किया जाता है उसे एक किस्त में भंडारन किया जाए ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिले की मांग किया गया। और उपभोक्ताओं ने विभागीय अधिकारी के समक्ष शिकायत किया है कि पिछले दो से तीन माह का चना अभी तक नहीं मिला है। राशन दुकान में चना का स्टाक है लेकिन दुकानदार नहीं देता। दुकानदार प्यारे लाल पटेल को पूछने पर कहा कि स्टाक में चना है, 15 जुलाई तक वितरण भी किया गया है। लेकिन 16 जुलाई से अचानक ऑनलाइन में चना देने का आप्सन बंद कर दिया है। खाद्य अधिकारी मौर्या मैडम ने आश्वासन दिया है कि आक्सशन चालू कर समय बढ़ाया जाएगा। लिखित में पंचनामा कर सभी का हस्ताक्षर लिए। इस दौरान प्रमुख रूप से भीखम ठाकुर, लाला यदु, अवध मरकाम, माधव निर्मलकर, गजेन्द्र ठाकुर, जोहतराम सिन्हा, नेताम, तुकेश्वर ठाकुर, पवन मरकाम, भगोली राम निषाद एवं अधिक संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### पिता की फावड़ा...

साहू का दो लड़का और दो लड़की है। लड़कियो का विवाह हो चुका है जबकि दोनो बेटे अविवाहित है। आरोपी इंद्रकुमार नशे करने का आदी है उनके मन में न जाने अपने बाप के लिए गुस्सा क्यों भरा रहता था इसे कोई नही जान सका है। आरोपी का ईलाज गाहे-बगाहे रायपुर के अंबेडकर अस्पताल में चलता रहा है। इस घटना के बाद यह भी जानकारी सामने आई है कि जिस गाड़ी में उन्हें ले जाया जाता था तो उसके ड्राइवर के समक्ष वह कहता था कि जब तक बाप को जान सहित मार नही दूंगा तब तक मुझे चैन नही पड़ेगा। बहरहाल इस घटना को लेकर गांव में शोक का वातावरण है। मृतक कमलनारायण दशहरा के समय गांव के रंगमंच पर बाणासुर और रावण का बेहतरीन रोल अदा करता था इस बात की चर्चा ग्रामीणो में दिन भर होती रही। उल्लेखनीय है कि जौंदी गांव में हत्या की यह चौथी घटना है। इसके पहले भी गांव के दूसरे परिवार में बड़ा भाई अपने छोटे भाई को मौत के घाट उतार दिया था वहीं एक शिक्षक की हत्या के मामले में उनकी बेटी की गिरफ्तारी हुई थी। एक युवक गांव के ही एक युवती की हत्या कर लाश को कुएं में डाल दिया था। इन सभी मामलो में आरोपियो की गिरफ्तारी हुई थी।

### तालाबंदी करते ही...

दिया। शासकीय स्कूल में तालाबंदी की खबर लगते ही प्रशासन स्तर में हडकम्प मच गई और तत्काल मैनपुर सर्व शिक्षा अभियान राजीव गांधी मिशन के खण्ड स्त्रोत समन्वयंक शिवकुमार नागे अपने साथ एक शिक्षक लेकर ग्राम गोपालपुर प्राथमिक शाला पहुंचे और ग्रामीणों तथा पालकों को बताया कि एक और शिक्षक व्यवस्था आप लोगों की मांग के अनुसार कर दिया गया है जिस पर पालकों एंव ग्रामीणों नें अधिकारी के बातों से सहमत होकर तत्काल स्कूल का ताला खोल दिया। महज 1 घंटे स्कूल के तालाबंदी करने पर ग्राम गोपालपुर प्राथमिक शाला को एक शिक्षक की व्यवस्था किया गया।

## निगम अमले ने गड्ढे में गिरे मवेशी को सुरक्षित बाहर निकाला

**रायपुर।** महर्षि वाल्मीकि वार्ड क्षेत्र के मैग्नेटो मॉल के पास एक बड़े गड्ढे में अचानक मवेशी गिर गया। आसपास के रहवासियों ने इसकी जानकारी नगर निगम को दी। इस जानकारी को संज्ञान में लेकर जोन-9 की टीम ने स्थल पर पहुंचकर गड्ढे में गिरे मवेशी को जेसीबी मशीन, बड़ी रस्सी की सहायता और काऊकैचर टीम की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। जोन आयुक्त संतोष पांडे के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू, स्वच्छता निरीक्षक महेंद्र कलिहारी, भोला तिवारी की उपस्थिति में निगम की टीम ने मवेशी को बड़े गड्ढे बाहर निकालकर उसकी जान बचाई। मवेशी को बाहर सुरक्षित निकाले जाने पर लोगों ने इस नेक कार्य की सराहना की।



## खबर संक्षेप



### निकासी की व्यवस्था नहीं गलियों में बह रहा गंदा पानी

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के विभिन्न वार्डों के गलियों में इन दिनों कीचड और गदंगी जगह-जगह पानी के जमाव होने से मच्छर पनप रहे हैं लोग परेशान हो रहे है। लेकिन इस ओर न तो ग्राम पंचायत ध्यान दे रही है और न ही जनपद प्रशासन।

### उपचार के लिए 2 जरुरतमंद को दी गई सहयोग राशि

**रसेला।** ग्राम खरखरा निवासी कुशल पटेल द्वारा अपने पुत्र डायमंड पटेल के कान के आपरेशन एवं आमापारा छुरा निवासी राजा सोनी द्वारा अपनी पुत्री जो कि सिकलिंग बीमारी से पीड़ित हैं उसके उपचार हेतु आर्थिक सहायता की अपील उनके द्वारा हेल्पिंग हैंड चैरिटी ग्रुप छुरा के पास किया गया था। जिस पर समुचित जांच उपरांत दोनों पीड़ितों के उपचार के लिए 10000-10000 रुपए की आर्थिक सहायता का चेक कुशल पटेल एवं राजा सोनी को ग्रुप के श्री अमिताभ जैन द्वारा प्रदान किया गया। यह जानकारी ग्रुप के सचिव लक्की मेमन द्वारा दिया गया है। विदित हो कि जनसेवा ही प्रभुसेवा है के उक्ति को चरितार्थ करता हुआ यह ग्रुप गरियाबंद जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित और आर्थिक रुप से अक्षम लोगों को आर्थिक सहयोग राशि चेक के माध्यम से प्रदान करता है।इस सेवा कार्य में गरियाबंद जिले सहित अन्य जिलों के लगभग 180 लोग जुड़े हुए हैं जो प्रतिमाह अपना अंशदान ग्रुप को ऐसे सेवा कार्य के लिए प्रदान करता है।

### जनसमस्या निवारण शिविर धनेसरा में 18 को

कांकेर। जिले के आम नागरिकों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। साल का पहला जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर नरहरपुर विकासखण्ड के सरोना क्लस्टर के आश्रित ग्राम पंचायत धनेसरा में 18 जुलाई को आयोजित होगा। उक्त शिविर सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक लगाया जाएगा, जिसमें सरोना क्लस्टर के ग्राम भैंसमुंडी, गंवरसिल्ली, भिरौद, बुदेली, करप, डंवरखार, मुड़पार, सरोना, चोरिया, साल्हेभाट, कुम्हानखार, सारण्डा, लेण्डारा, बांसपत्तर और ग्राम रावस के ग्रामीण शामिल होंगे। कलेक्टर ने उक्त शिविर में ब्लॉक स्तरीय एवं क्लस्टर स्तर के अधिकारी-कर्मचारी के अलावा सभी जिला स्तरीय अधिकारियां को भी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए हैं।

### महासमुंद बायपास की पुरानी योजना वापस, अब नई योजना बनाने का टेंडर जारीः चोपड़ा

**महासमुंद।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा ने महासमुंद शहर बायपास को लेकर पिछले वर्ष 2019 से 2024 तक कांग्रेस शासन एवं उसके जनप्रतिनिधियों द्वारा किसी प्रकार की रुचि न लेने के कारण केंद्र सरकार ने बायपास की अपनी पुरानी योजना को वापस ले लिया। अब नए एलाइमेंट के लिए नदी मोड से ओडिशा सीमा तक संपूर्ण रोड के विकास के लिए नई योजना बनाने का टेंडर जारी किया है। इस टेंडर की स्वीकृति अगले माह होने के पश्चात एनएच- 353 के विकास की नई योजना बनाकर काम किया जाएगा। महासमुंद में बायपास एवं ओवरब्रिज की मांग काफी महत्वपूर्ण थी, जिसे भाजपा के केंद्र एवं राज्य शासन ने पूर्ण करने का काम किया। ओवरब्रिज छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने बनवाया और बायपास के लिए केंद्र ने राज्य को सर्वे कर रिपोर्ट देने पिछले 5 साल से कहा।

# बहुड़ा यात्रा के साथ मौसीबाड़ी से लौटे प्रभु जगन्नाथ, भक्तों ने खींचा रथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जय जगन्नाथ, जय जगन्नाथ, कृपा करो हे जगन्नाथ, बोल कालिया धीरे- धीरे जैसे-जैसे रथ आगे बढ़े, दुनिया का भय व दरिद्र घटेऐसे ही उत्साहित भक्ति पंक्तियों के साथ भक्तों ने प्रभु जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र का रथ खींचा। सोमवार को बहुड़ा यात्रा के साथ प्रभु जगन्नाथ श्री राम जानकी मंदिर से महाप्रभु नगर भ्रमण कर गुंडीचा मंदिर पुराना मंगल बाजार गया था आज पवित्र बाहुड़ा यात्रा के दिन महाप्रभु पुनः अपने मंदिर वापिस आए मंदिर में छेरा पहरा की रस्म जगन्नाथ युवा समिति के सदस्यों ने निभायी. रस्म अदायगी के बाद वापसी रथयात्रा शुरू हुई. प्रभु जगन्नाथ के जयकारे से गरियाबंद गूंज उठा। हर जयकारे के साथ श्रद्धालु का उत्साह व श्रद्धा देखते ही बन रहा था। मौसीबाड़ी में नौ दिनों तक भाई-बहनों के साथ रहने के बाद सोमवार को भगवान जगन्नाथ की राम मंदिर से बहुड़ा यात्रा शुरू हुई। श्रद्धालुओं ने मंगल बाजार मंदिर से भगवान जगन्नाथ के रथ खींचा और उन्हे श्री राम जानकी मंदिर लाया गया पूरे रास्ते भगवान जगन्नाथ के जयकारे से गरियाबंद गूंज उठा। बहुड़ा यात्रा के साथ मौसीबाड़ी से लौटे प्रभु, भक्तों ने रथ खींचा।

**करताल व मृदंग बजाकर भक्तों ने प्रभु की स्तुति झूम कर नाचे युवा-** मान्यता , भगवान के रूपों का वर्णन करने से पाप कटते हैं। मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। भगवान भक्तों पर प्रसन्न होकर उन्हें आठ प्रकार की सिद्धियां प्रदान करते हैं। पुराना मंगल बाजार मंदिर से बहुरा यात्रा शुरू हुई, जो विभिन्न चौक- चौराहे से होते हुए राम जानकी मंदिर पहुची, यहां संध्या में भजन-कीर्तन हुआ, जो देर शाम तक चलता रहा।

## बोल कालिया धीरे- धीरे भगवान जगन्नाथ के जयकारे से गूंज उठा जिला

### नाराज माता लक्ष्मी को गुलाब जामुन खिला कर मनाया

रथयात्रा उत्सव के दौरान कई सारी परंपराएं निभाई जा रही हैं। इन्हीं परंपराओं में से हेरा पंचमी निभाई गई। परंपरा के अनुसार माता लक्ष्मी भगवान जगन्नाथ से भेंट करने आती हैं लेकिन द्वारपाल मंदिर का दरवाजा बंद कर देते हैं। इससे नाराज हो कर लक्ष्मी जी भगवान जगन्नाथ के रथ का पहिया तोड़कर पुरी के हेरा गोहिरी साही में बने अपने मंदिर में वापस लौट जाती हैं। जब जगन्नाथ जी को इस बारे में पता चलता है तो वो लक्ष्मी जी को मनाने के लिए कई तरह की बेशकीमती भेंट और मिठाई लेकर उनके मंदिर पहुंचते हैं। इस परंपरा में भगवान जगन्नाथ विशेष रूप से रसगुल्ले माता लक्ष्मी के लिए ले जाते हैं।



### 19 जुलाई तक रथ पर ही भक्तों को देंगे दर्शन

भगवान जगन्नाथ 19 जुलाई तक जगन्नाथ मंदिर के बाहर रथ पर ही भक्तों को दर्शन देंगे। 19 जुलाई को रात्रि 8.30 बजे भगवान जगन्नाथ मंदिर में प्रवेश करेंगे। भगवान जगन्नाथ बहुरा यात्रा को लेकर सुबह से ही जगन्नाथ युवा समिति के सदस्यों में उत्साह देखते ही बन रहा था समिति के सदस्यों ने बताया कि जब भगवान जगन्नाथ मौसीबाड़ी से लौटते हैं, तो भक्तों पर अपना आशीर्वाद बरसाते हैं। भक्त भी भगवान के दरबार में पहुंचकर आशीर्वाद ग्रहण करते हैं। पूजा-भजन कर अपने तमाम दुःखों, ग्रह पीड़ाओं के निराकरण के लिए प्रार्थना करते हैं।

## बैठक : कलेक्टर ने बाढ़ आपदा प्रबंधन समिति की बैठक लेकर दिए निर्देश

# बाढ़ से सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था करें दुरुस्त : कलेक्टर अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

- 24 घंटे सक्रिय बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष शुरू

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बाढ़ आपदा प्रबंधन समिति की बैठक ली। उन्होंने वर्तमान बारिश के मौसम को देखते हुए अत्यधिक जल भराव वाले जगहों का चिन्हांकन कर बाढ़ जैसी स्थिति से निपटने के लिए पूर्व तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही वनांचलों के गांवों में रहने वाले लोगों को बाढ़ से बचाने के अलावा मौसमी बीमारियों से भी बचाव के लिए जागरूक एवं आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिये। कलेक्टर अग्रवाल ने जिले के जलप्रपातों, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों में सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम तथा अत्यधिक जलभराव की स्थिति में लोगों की सुरक्षा के लिए किये जाने वाले उपायों पर विस्तृत चर्चा कर सभी व्यवस्था दुरूस्थ करने के निर्देश दिये। साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश की भी रेडियम पट्टी युक्त सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश दिये। पर्यटन स्थलों में आवश्यक संख्या में सुरक्षा अधिकारी भी तैनात करने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में मौजूद अधिकारियों से जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की जानकारी लेकर ऐसे क्षेत्रों में जागरूकता के लिए सूचना बोर्ड लगाने तथा लोगों को बाढ़ के प्रति जागरूक करने के भी निर्देश दिये। साथ ही एसडीएम को अपने -अपने अनुविभाागों में भी बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना करने एवं कक्ष में नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर उन्हें क्रियाशील करने के निर्देश दिये। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले, अपर कलेक्टर श्री अरविन्द पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्री राकेश गोलछा, सभी एसडीएम सहित राजस्व, पुलिस, जिला सेनानी, जल संसाधन, स्वास्थ्य, नगरीय निकाय, वन विभाग एवं पीएचई विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।



### जल भराव एवं बाढ़ की दें सूचना

जिले में बाढ़ आपदा नियंत्रण के लिए जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कन्ट्रोल रूम संयुक्त जिला कार्यालय गरियाबंद के कक्ष क्रमांक 01 में स्थापित है। जिले में कहीं भी अत्यधिक जल भराव एवं बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित होने पर फोन नम्बर 07706-241288 पर फोन करके सूचना दे सकते हैं। नियंत्रण कक्ष चौबीस घंटे कार्यशील है। इसमें तीन शिफ्टों में तीन-तीन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। नियंत्रण कक्ष में किसी भी प्रकार के आपदा की सूचना प्राप्त होने पर समय रहते राहत की कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बाढ़ आपदा प्रबंधन समिति की बैठक में बाढ़ से निपटने सभी जरूरी तैयारियां पहले से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने पूर्व में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की पहचान कर वहां जान-माल की सुरक्षा के लिए अभी से सभी तैयारियां दुरूस्त करने के निर्देश दिये। साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के सभी गांवों में शिविर एवं ठहरने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिससे आपातकालीन स्थितियों में लोगों का बचाव किया जा सके।

### रेस्क्यू टीम व तैराक तैनात करने के निर्देश

साथ ही सभी पंचायतों में आवश्यक मात्रा में खाद्यान्न भण्डारण भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने जल संसाधन विभाग को बांध से नदी में जल छोड़ने की पूर्व सूचना सभी प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को देने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में डॉक्टरों व दवाईयों की उपलब्धता, डायरिया एवं मलेरिया से बचाव की दवाईयां एवं जागरूकता तथा मेडिकल टीम की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रेस्क्यू टीम, तैराक, नाव, टॉर्च, बूट, वाहन, लाईफ जैकेट एवं रस्सी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जिल सेनानी को दिये। कलेक्टर ने बाढ़ प्रभावित एवं पहुंच विहीन क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में राशन भण्डारण एवं वितरण भी सुनिश्चित करने के निर्देश खाद्य विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल की व्यवस्था एवं साफ पानी के लिए आवश्यतानुसार ब्लीचिंग पाउडर की भी व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

# भगवान हनुमान मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा



हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर



नगर के वार्ड नंबर 13 मे भगवान हनुमान की मूर्ति स्थापित कर पंडित मिश्रा के मंत्रेपचार से प्राण प्रतिष्ठा कर हवन पूजन कर पूर्णाहूति दी गई। इस अवस पर वार्ड के संजय श्रीवास्तव सपत्निक पूजा मे परिवार सहित शामिल हुए। ज्ञातव्य हो कि भगवान हनुमान जी की प्रतिमा संतोश द्विवेदी के द्वारा स्थापित किया गया। इस अवसर पर वार्ड के नागरिक बड़ी संख्या मे शामिल हुए जिसमे वार्ड पार्षद मंजू हरित, धनंजय हरित, महिला मोर्चा की संतोषी श्रीवास्तव, ज्योति राजपूत, भुनेश्वरी साहू, लक्ष्मी श्रीवास्तव, मथुरा चंद्राकर, कविता चंद्राकर, नरेन्द्र चंद्राकर, संतोष द्विवेदी, दीपक पोद्दार, प्रदीप यदु, श्री धुरंधर, प्रकाश साहू, सियाराम साहू, दीपक शुक्ला, नीता शुक्ला सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।

## तुमगांव में विद्युत पोलों में लगाए जा रहे एलईडी लाइटः धर्मेंद्र

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल के नेतृत्व में वार्ड नं 06 के युवा पार्षद सभापति धर्मेंद्र यादव द्वारा बरसात के दिनों में वार्ड नं 06 के गली मोहल्ले व मुख्य चौक चौराहों पर एलईडी बल्ब स्ट्रीट लाइट लगवाए जा रहे। ताकि, वार्डवासियों को रात्रि के समय आवागमन कोई परेशानी न हो। क्योंकि, अधिकांश रात में ही जहरीले जीव-जंतुओं का डर बना रहता है। पार्षद धर्मेंद्र यादव ने वार्ड में स्वयं उपस्थित रहकर सभी विद्युत पोलों में लाइट लगवाया गया।

# निषाद समाज ने रोपे पौधे



**छुईहा बेलर।** क्षेत्र का पवित्र धार्मिक स्थल सतधरा पावन धाम खुटेरी कौंदकेरा में विगत दिनों निषाद समाज द्वारा वृह्द पौधारोपण किया गया। समाज ने 300 पेड़ लगाकर बड़े होने तक सुरक्षित रखने संकल्प लिया। जिसमें प्रमुख रूप से मोती राम निषाद निषाद समाज जिला उपाध्यक्ष, ढेलु राम निषाद खुटेरी अध्यक्ष परिक्षेत्र, मनोहर निषाद, भूषण निषाद, नरोत्तम निषाद, तिलक राम पटेल, सुरुज बाई निषाद सुरजा बाई निषाद, बिरझा बाई निषाद, खोरबहरीन बाई निषाद, पुजारी लाला राम निषाद सहित समाज स्वजातीय शामिल हुए।

## खड़मा में पीपल के पौधा का रोपण

**मुड़ागांव(कोरासी)।** प्रदेश में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृहद पौधारोपण कार्यक्रम पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा खड़मा में छायादार पीपल के पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर ब्रांच मैनेजर पन्नालाल साहू, सहायक लेखापाल ओमप्रकाश यादव, नरोत्तम ध्रुव परिवेक्षक ओमकार यद्दू एवं कनिष्ठा लिपीक हितेश ध्रुव, डेनेन्द्र साहू, ईश्वर ध्रुव कंम्पयूटर आपरेटर निलकंठ साहू, खिलेश्वरी दीवान सहित समस्त स्टाफ के कर्मचारी उपस्थित रहे।



## समस्या निवारण शिविर के पूर्व गांव में प्रचार करें : सोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



कमार विकास अभिकरण के सदस्य एंव कमार युवा नेता पिलेश्वर सोरी ने कहा कि आगामी 19 जुलाई को तहसील मुख्यालय मैनपुर सामुदायिक भवन में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर निश्चित रूप से क्षेत्र के ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने और सरकार से मिलने वाले हितग्राहियों को मदद् के लिए काफी कारगार साबित होगा। श्री सोरी ने कहा कि लंबे समय के बाद मैनपुर में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है और इस तरह के जनसमस्या निवारण शिविर में जिला के मुखिया कलेक्टर एंव जिला स्तर के सभी विभाग के अधिकारी के पहुचने से मौके पर ही समस्याओं का समाधान होता है इसलिए चाहिए कि जन समस्या निवारण शिविर के सबंध में ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किया जाये क्योंकि इन दिनों किसान और ग्रामीण खेती किसानी में व्यस्त है इसलिए जनपद और ग्राम पंचायत के माध्यमों से विकासखण्ड के अंतिम गांव तक मुनादी की व्यवस्था किया जाये ताकि ज्यादा से ज्यादा शिविर में पहुंच सके और उन्हे शासन प्रशासन की योजनाओं का लाभ मिल सकें। श्री सोरी ने कहा कि अक्सर देखने को मिलता है प्रचार- प्रसार के अभाव में ग्रामीणों को शिविर की जानकारी नहीं हो पाता और वे नहीं पहुंच पाते इसलिए शिविर का ज्यादा से ज्यादा शासन स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाना चाहिए ताकी अंतिम व्यक्ति तक को सरकार और शासन की योजनाओं का लाभ मिल सकें।

# देवगांव में अनवरत चल रही है जनजागरण प्रभातफेरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

राम नाम का अलख जगाने और सुबह की हवा लाखों की दवा के उद्देश्य को लेकर ग्राम देवगांव रामधूनी महिलाओं की समूह द्वारा बीते साल से हर रोज ब्रम्हमूहूर्त सूबह 4 बजे ढोल, झांझ मंजिरा, झूमका ले कर प्रभात फेरी निकाली जा रही है। प्रभातफेरी की शुरुआत बजरंग चौक मे कुछ मिनट राम भजन संकीर्तन कर साहू पारा, ध्रव पारा, सतनामी पारा होते दानेश्वर शिव मंदिर में बैठकर भजन रामगुणगान करते हैं,वहां से राजिवलोचन मंदिर स्थल देवगांव पहूचकर संकीर्तन कर एक दिन का प्रभात फेरी जनजागरण का समापन करते हैं। भजन मंडली दल मे राधा साहू, मोगरा साहू, झामिन, मनटौरा, गोदावरी , लीला, साहू, केवरा, नेमिन, श्यामबाई, सुजौती, अनुसुइया, गुपिंग साहू, नर्बदिया, नीरा, मोगरा फिरन्तिन, दूखिया, राजो बाई राम नाम की धुन के साथ पूरे देवगांव में भ्रमण करते हैं। बारिश हो या ठंड हो या गर्मी हो किसी भी मौसम में आज तक प्रभात फेरी नहीं थमीं। आज तक हर रोज सुबह चार बजे प्रभात फेरी निकाली जा रही है। राम धुन गाते हुए गाजे-बाजे के साथ प्रभात फेरी पूरे गांव का भ्रमण करती है। इस प्रभात फेरी का उद्देश्य जीवन से मुक्ति के लिए हरि कीर्तन व स्वस्थ रहने के लिए सुबह की हवा लाख रुपये की दवा के उद्देश्य को लेकर ग्रामीण महिला आज तक इस क्रम से जुड़े हुए हैं। ग्रामीणों के अनुसार इस प्रभात फेरी की प्रेरणा स्त्रोत अयोध्या मे राम मंदिर की स्थापना है। इनमें से कुछ लोग तो नियमित रूप से रहते हैं वही अलग-अलग गलियों में गुजरने पर उस गली में रहने वाले लोग एक-एक कर इसमें शामिल होनै प्रेरित कर जाते हैं।

# जगन्नाथ के रथ को खींचने श्रद्धालुओं में मची होड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

- कोपरा में बहुड़ा यात्रा के साथ हुआ समापन

भगवान जगन्नाथ की आराधना का 9 दिवसीय पर्व मंगलवार को कोपरा में बहुड़ा यात्रा के साथ समापन हुआ। भगवान जगन्नाथ, सुदर्शन, बलभद्र और सुभद्रा के साथ रथ में सवार होकर शिव चौक स्थित मौसी मां के मंदिर से निकल कर गांधी चौक होते हुए श्रीराधा कृष्ण मंदिर पहुंचे। रथ को खींचने सैकड़ों श्रद्धालुओं में होड़ मची रही। नगर पंचायत कोपरा में 09 दिन तक चलने वाली रथयात्रा का समापन धूम धाम से हुआ। इसी के साथ गोंचा पर्व में चलने वाली रथ यात्रा का आज समापन हो गया। बाहुड़ा गोंचा पर्व के दौरान विशालकाय रथ पर सवार कर भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और बलभद्र की भव्य रथयात्रा निकाली गई। इस भव्य रथ यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ को पांरपरिक तरीके से विदाई दी गई. इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए पंहुचे. भारी संख्या में भक्तों ने भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए।



इस पर्व के बारे में शंकर तारक ने बताया, भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ 9 दिनों तक जनकपुरी सिरहसार शिव चौंक में विराजने के बाद सोमवार को विशालकाय रथों पर सवार होकर दर्शनार्थियों को दर्शन दिए इसके बाद मंदिर पहुंचकर देवी लक्ष्मी से भगवान मेल-मिलाप करेंगे। लक्ष्मी जी से संवाद बाहुड़ा गोंचा के दौरान होगा। इसी के साथ बाहुड़ा गोंचा रस्म



## बच्चों को कराया न्योता भोज

**मुड़ागांव(कोरासी)।** सोमवार को डॉक्टर दिनेश सेन पत्नी द्रौपदी सेन द्वारा अपने बेटी की शादी के उपलक्ष्य में शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला कनेसर के बच्चों को न्योता भोज कराया। जिससे खीर, पुडी, लड्डू, गुलाबजामुन, दाल, भात एवं सब्जी परोसा गया। जिसमें कृष्णा पटेल, मिलाप ठाकुर, बिरेंद्र साहू, रेखराम ध्रुव, खेमचंद देवांगन, संतोष कुमार साहू, शिक्षक गण उत्तम साहू, हीरालाल साहू, लोमश कुमार साहू, सेवकराम साहू तथा स्वीपर ओंकार पटेल मनोज ध्रुव, संतोष सेन उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## जाडापदर में धूमधाम से मना माता पहुंचानी पर्व



**मैनपुर।** ग्राम जाडापदर में मंगलवार को शीतला माता के मंदिर में माता पहुंचानी का पर्व परम्परानुसार धुमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान पूरे ग्रामवासी शीतला मंदिर में पहुंचकर विधिविधान के साथ पूजा अर्चना कर गांव क्षेत्र में सुख शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना किए। माता पहुंचानी के दौरान देवी-देवताओं की सवारी निकाली गई। सभी श्रद्धालु देवी- देवताओं का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से अमृतलाल नागेश, झांकर बुधराम बैगा सुखराम नेताम, सरपंच हरचंद ध्रुव, कोसिंग नेताम, कष्ण नागेश, नवल ध्रुव, पुसाहू ध्रुव, नेयाल नेताम, विशेश्वर नागेश सुखचंद विश्वकर्मा शंकर लाल ध्रुव, मधु नागेश चंदा नागेश, मिथलेश नागेश, शिवकुमार सोनवानी, जितेंद्र विश्वकर्मा, विजय बहादुर, रविन्द्र नागेश, सोनू नागेश, मोहन ध्रुव, बालचंद्र नागेश, गामिधार यादव उपस्थित थे।

## मानिकचौरी में संकुल स्तरीय बैठक



**नवापारा-राजिम।** सोमवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानिकचौरी में संकुल स्तरीय बैठक आहूत की गई जिसमें विकासखंड शिक्षाधिकारी धनेश्वरी साहू, बीआरसीसी राकेश साहू, सरपंच बुद्धेश्वर साहू, संकुल के समस्त शिक्षकों एवं शाला प्रभारी प्रधानपाठक भी सम्मिलित हुए। सत्राप्रारंभ पर शैक्षिक रणनीति और नवाचार पर चर्चा की गई। साथ ही मध्यान्ह भोजन, नेवता भोज के अतिरिक्त विद्यार्थियों के मानसिक विकास, आत्मविश्वास और अभिप्रेरणा पर परिचर्चा बीईओ मैंडम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्राचार्य एसआर सोनबरसा, एसपी साव, एसएल साहू, अल्पना श्रीवास्तव, बीआरसी भूपेश साहू और संकुल में कार्यरत समस्त प्रधान पाठक, शिक्षक उपस्थित रहे।

## सोरिद खुर्द विद्यालय के अध्यक्ष बनी पुष्पालता

**मुड़ागांव(कोरासी)।** शासकीय शहीद फनेश्वर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोरिद खुर्द में जनपद सदस्य सभापति पुष्पालता देवानंद



सिन्हा को शाला विकास समिति के अध्यक्ष शासन द्वारा मनोनीत किए जाने पर जनपद सभापति पुष्पालता सिन्हा ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार माना है, जिसमें रोहित साहू विधायक राजिम विधानसभा क्षेत्र, सांसद रूपकुमारी चौधरी, जिला अध्यक्ष (भाजपा ), राजेश साहू का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हायर सेकेण्डरी शिक्षक एवं कर्मचारी स्टाफ, मिडिल स्कूल स्टाफ तथा पालक गण शामिल हैं।

## बारिश के मौसम में बीमारी एवं जहरीले जीव-जंतुओं के निकलने का खतरा

**महासमुंद।** बारिश का मौसम आते ही जहरीले सांप, बिच्छू व कीड़ों के काटने के साथ वायरल इंन्फेक्शन का खतरा बढ़ गया है। ऐसी स्थिति में लोगों का जागरूक एवं सावधानी बरतने की अवश्यकता है। अधिकतर बच्चो एवं बुजुर्गों को बीमारियों एवं सांप, बिच्छू या जहरीले कीड़े के काटने का खतरा रहता है जिसमें तत्काल उपचार की जरूरत होती है। बता दें कि वर्षा का पानी बिलों में भरने और बिलों के तापमान में होने वाले परिवर्तन के कारण सांप को बिलों से बाहर निकलते हैं। सुरक्षित स्थान और खाने की तलाश में सांप अक्सर घरों या बाड़ियों में घुस जाते हैं और सर्पदंश की घटना होती है। सर्पदंश की स्थिति में तत्काल पीड़ति को एंटी स्नेक वेनम लगाया जाना आवश्यक है। सर्पदंश के ज्यादातर मामले वनांचलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं।

# पीएम जनमन योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी : कलेक्टर

**समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिये आवश्यक निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की। बैठक लेकर विभागीय कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि समय-सीमा के लंबित प्रकरणों का निराकरण करें। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर शुक्रवार 19 जुलाई को मैनपुरखुर्द में आयोजित किया जायेगा। इससे पूर्व उन क्षेत्रों के ग्रामीणों को जनसमस्या निवारण शिविर की जानकारी से अवगत कराने के लिए मुनादी कराये। ताकि ग्रामीण शिविर में आकर अपनी मांग, समस्या, शिकायत एवं अन्य आवेदन विभागीय अधिकारी को दे सके। उन्होंने कहा कि शिविर में सभी जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी अनिवार्य रूप से शिविर के दिन उपस्थित रहेंगे। इससे पूर्व स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों को भी शिविर के बारे में जानकारी दे और उन्हें शिविर में आने के लिए आमंत्रित करें। शिविर स्थल पर ग्रामीणों के लिए पर्याप्त बैठक व्यवस्था, विभागीय स्टॉल, पार्किंग, छाया, पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारी ग्रामीणों को अपने-अपने विभागीय योजनाओं की जानकारी देने एवं पात्र हितग्राही को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिये। स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभागीय स्टॉल लगाकर शिविर स्थल पर आये ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक दवाई उपलब्ध कराये।




### पंचायतों को दी गई राशि का आडिट का कार्य शीघ्र पूरा कराएं

बैठक में कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले में यदि कही बोरवेल खुला है, तो उसे कैपिंग करें। जिससे कि किसी प्रकार की जनहानी न हो। उन्होंने आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी छात्रावास एवं आश्रम अधीक्षकों की बैठक बुलाये और उन्हें आश्रम-छात्रावास के सही तरीके से संचालन के बारे में जानकारी दे। राजीव युवा मितान क्लब के लिए पंचायतों को दी गई राशि का आडिट का कार्य शीघ्र पूरा कराये। उन्होंने कहा कि पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति एवं छूटे हुए लोगों के लिए गांवों में शिविर लगाकर आवास, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, केसीसी, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, राशन कार्ड, पीएम विश्वकर्मा, बैंक में खाता खोलना सहित अन्य योजनाओं से उन्हें शत प्रतिशत लाभान्वित करें। इन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

**निरीक्षण : क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे बुखार व मलेरिया के मरीज**

# छात्र की मौत के 2 दिन बाद सीएमएचओ पहुंची मैनपुर अस्पताल, साफ-सफाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में लगातार बुखार और मलेरिया के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में छोटे- छोटे स्कूली छात्र- छात्राओं की भीड़ सुबह से लगी रहती है, साथ ही प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में बुखार और मलेरिया के मरीज मिल रहे है, चार दिन पूर्व भी मैनपुर क्षेत्र के ग्राम दर्रीपारा में मलेरिया और खून की कमी से एक छात्र की मौत की खबर के बाद जिला प्रशासन ने इस मामले को संज्ञान में लिया और ग्राम देहारगुडा, दर्रीपारा में स्वास्थ्य अमला पहुंचकर जहां एक ओर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया वही गांव में रैली निकालकर लोगों को मलेरिया, डायरिया के प्रति जन जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

- डॉक्टर गार्गी ने ग्रामीणों से की चर्चा स्कूल पहुंचकर छात्र-छात्राओं से हाल-चाल जाना

इसी बीच मंगलवार को जिला चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गार्गी यदु मैनपुर पहुंची और मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया साथ ही साफ- सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। अस्पताल में पहुंचे मरीजों से उनके हालचाल जाने इसके बाद सीधे मैनपुर विकासखण्ड के दूरस्थ वनांचल कुल्हाडीघाट मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर गार्गी यदू पहुंची। इस विशेष पिछड़ी कमार बाहुल्य ग्राम के घर-घर पहुंचकर जिला चिकित्सा अधिकारी ने ग्रामीणों से चर्चा किया साथ ही स्कूल में पहुंचकर छात्र- छात्राओं से हालचान जाना एवं स्कूली छात्र- छात्राओं तथा ग्रामीणों को मलेरिया और डायरिया बीमारी के संबंध में विस्तार से बताया साथ ही यहां स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हितग्राहियों को मच्छरदानी का उपयोग करने के बारे में बताया गया।



### घोड़े के माध्यम से भेजी गई जीवन रक्षक दवा

मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गार्गी यदू कुल्हाडीघाट पहुंची। इस दौरान कुल्हाडीघाट के पहाड़ी के ऊपर बसे अति दुर्गम ग्राम ताराझर, कुर्वापानी, भालूपानी, मटाल जैसे ग्रामो में ग्रामीणों के लिए घोड़े में जीवन रक्षक दवा लादकर भेजा गया ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। साथ ही स्थानीय अधिकारियों को जल्द गांव- गांव स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला मलेरिया अधिकारी डॉक्टर एम मनीष, डॉक्टर लक्ष्मीकांत जांगडे, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गजेन्द्र ध्रुव, डॉक्टर शंकर पटेल, डॉक्टर सृष्टि एवं मुकेश साहू तथा स्वास्थ्य विभाग के अमला उपस्थित थे।

### पहाड़ी क्षेत्र ओंड आमामोरा में लगा स्वास्थ्य कैंप

बारिश शुरू होते ही जिले के दूरस्थ वनांचलों में मुश्किलों का दौर हुआ शुरू हो गया है। मौसमी बुखार के साथ मलेरिया के मरीज मिल रहे हैं। कलेकटर दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर गार्गी यदू पाल मैडम के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग के 10 सदस्यीय टीम द्वारा जिले के दुर्गम पहाड़ियों पर बसे उप स्वास्थ्य केंद्र ओड, आमामोरा के सभी आश्रित ग्रामों जोबपारा, कुकरार, नगरार हथौड़ाडीह में घर- घर जाकर



मलेरिया सर्वे किया गया। नगरार और जोबपारा में जा रही टीम को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ा, सर्वे करने जा रही टीम की चार पहिया वाहन कीचड़ भरे रास्ते में एक घंटे फंसी रही। वहीं दूसरी ओर नगरार जा रही स्वास्थ्य टीम ने दोपहिया वाहन से जैसे- तैसे पहुंच कर लोगों का उपचार किया। गावों में घर- घर भ्रमण कर सर्वे टीम द्वारा 1140 लोगों रैपिड मलेरिया टेस्ट किया गया। जांच में 8 मलेरिया धनात्मक रोगियों को एसीटी किट की प्रथम डोज दवा खिलाकर त्वरित उपचार किया गया। गांव की मितानिन के पास पर्याप्त मात्रा में मलेरिया जांच और उपचार कीट के साथ बुखार, उल्टी दस्त और मौसमी बीमारियों के उपचार के लिए दवाइयां उपलब्ध कराई गई।

## जिपं. उपाध्यक्ष संजय ने रंगमंच निर्माण के लिए दो लाख रूपये की घोषणा की



**मैनपुर।** ग्राम गौरगांव में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। जहाँ मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत गरियाबंद के उपाध्यक्ष संजय नेताम शामिल हुए। इस दौरान नेताम ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव बच्चों का मनोबल बढ़ाने और पढ़ने की ललक पैदा करने के लिए सहायक होती है। सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें तथा आने वाले शिक्षा सत्र में मेरिट के लिए अपना प्रयास जारी रखें इसके लिए शिक्षकों को भी विशेष परिश्रम की आवश्यकता है। इस दौरान बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाले बाल कलाकारों को नेताम ने 2100 रुपए देकर पुरुस्कृत किया। वहीं नेताम ने रंगमंच निर्माण के लिए जिला पंचायत निधि से 2 लाख रुपए देने की घोषणा की और आहता निर्माण के लिए जिलाधीश गरियाबंद से मिलकर स्वीकृति के लिए आश्वासन दिए। इस कार्यक्रम में संकुल के कुल 7 प्राथमिक, 2 माध्यमिक और 1 हाई स्कूल के छात्र- छात्राएं व शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इतवारी राम, विशिष्ट अतिथि फरसू राम नेताम, हिंदू राम नेताम, प्रभु विश्वकर्मा, गोविंद सिंह, पिलेश्वर कुमार, श्रवण कुमार, पिंटू नेताम, राहुल निर्मलकर, हेमनाथ नेताम, हरीश नेताम, अशोक मंडावी, संकुल प्रभारी गजानंद सोनवानी, संकुल समन्वयक हेमंत पटेल, अंगना म शिक्षा तथा एफएलएन प्रभारी एवं मंच संचालक मिथलेश कुमार ध्रुव, प्रेम लाल पटेल, सुरेश साहू, सेवक चंदेल, भोजन कश्यप, चिलक सोरी, जितेंद्र नागेश, कुम्हारु ध्रुव, होलेश्वर साहू, पीलू साहू, महेंद्र मरकाम, हेमलाल साहू, शंकर मरकाम आदि मौजूद रहे।

# शाला प्रबंधन की बैठक में मोहन अध्यक्ष मनोनीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा राजिम

भेण्डरी के पूर्व माध्यमिक शाला की बैठक में शाला प्रबंधन विकास समिति का अध्यक्ष मोहन साहू को बनाया गया। वहीं चंदूलाल साहू एवं हेमलाल साहू को पालक सदस्य के रूप में रखा गया। पुराने जितने भी सदस्य है वे यथावत बने रहेंगे। संरक्षक सरपंच प्रीतराम देवांगन को बनाया गया। प्रधान पाठक बी.आर साहू, प्राचार्य ज्योति बघेल द्वारा अतिथियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। इसके साथ ही विद्यालय के विकास के लिए सहयोग करने आग्रह किया गया। इस अवसर पर नई समिति द्वारा शिक्षा गुणवत्ता पर चर्चा की गई। जानकारी के मुताबिक वर्तमान दर्ज संख्या 104 पर विद्यालय में मात्र तीन शिक्षक पदस्थ हैं इसलिए सत्र 2023 में शिक्षा व्यवस्था के तहत माध्यमिक शाला चंदना के शिक्षक कंवल साहू को यथावत इस सत्र के लिए रखने का प्रस्ताव मंजूर हुआ। शाला प्रबंधन समिति की बैठक में सरपंच प्रीतराम देवांगन ,तिलक साहू, मोहन साहू, ब्रिज देवांगन, फिरोज शाह, हेमंत साहू, चुम्मन साहू, चमरू साहू, यशोदा निषाद, रेवती निषाद, बीआर साहू, लक्ष्मण सोनकर, प्राचार्य ज्योति बघेल, लोचन सिन्हा मौजूद थे।

## किसान यूनियन की ऑनलाइन बैठक दी गई खेती संबंधी जानकारी

**राजिम।** भारतीय किसान यूनियन छत्तीसगढ़ राज्य कमेटी की ऑनलाइन बैठक प्रदेश अध्यक्ष संजय पंत की अध्यक्षता व प्रदेश प्रभारी प्रवीण क्रांति के उपस्थिति में सोमवार को आयोजित की गई। जिसका संचालन प्रदेश महासचिव तेजराम विद्रोही ने किया। इस बैठक में 10 जुलाई को दिल्ली में एसकेएम की राष्ट्रीय बैठक में आगामी घोषणाओं के तहत देश के सभी सांसदों को किसान मांग पत्र सौंपने का निर्णय लिया गया। श्री विद्रोही ने बताया कि दिल्ली सीमाओं से वापसी से पहले केन्द्र सरकार ने एमएसपी की कानूनी गारंटी, आंदोलन के दौरान दर्ज केसों की वापसी, जनविरोधी नये बिजली



कानून की वापसी, आंदोलन में शहीद किसानों के परिवारों को मुआवजा, पराली जलाने पर किसानों को सजा से मुक्ति के अलावा संपूर्ण कर्जा माफी, किसान और खेतिहर मजदूर के लिए वृद्धावस्था पेंशन, किसान फसल बीमा, अग्निवीर योजना की वापसी, तीनों नये कानूनों की वापसी, जबरन भूमि-अधिग्रहण, वन अधिकार कानून के उल्लंघन जैसे तमाम तात्कालिक मांगों को मांगपत्र में शामिल किया गया है। इसके साथ ही अलग से कृषि बजट बनाने, खेती को डब्ल्यू.टी. ओ. से बाहर लाने, मनरेगा मजदूरी 600 रुपए प्रतिदिन, चारों श्रम संहिताओं को रद्द करने की मांगें भी शामिल हैं। एसकेएम के घटक किसान संगठन मिलकर सभी लोकसभा एवं राज्यसभा सांसदों को 16 से 18 जुलाई को मांगपत्र सौंपकर सदन में किसानों की मांगों पर चर्चा करने अपील करेंगे। बैठक में प्रदेश सहसचिव कमल कुशवाहा, बस्तर संभाग अध्यक्ष शिवा स्वर्णकार, संगठन मंत्री सुभम सिंह, नारायणपुर जिला अध्यक्ष रुबजी सलाम, उत्तम कुमार, सोनारू मौर्य, सुनील, रमलू कोर्राम, सिद्धार्थ सहित दंतेवाड़ा, नारायणपुर, सुकमा, बीजापुर, गरियाबंद, दुर्ग, कोरबा, रायपुर, जिलों के सदस्यों ने भाग लिया।

# लोहझर में ब्लॉक स्तरीय पांच दिवसीय स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण हुआ प्रारम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

पांच दिवसीय स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण ब्लॉक स्तरीय शासकीय हाईस्कूल लोहझर में प्रारम्भ हुआ। जिसमें मुख्य रूप से हरीश देवांगन ब्लॉक स्त्रोत समन्वयक व प्राचार्य गिरजा शंकर देवांगन ,संकुल समन्वयक शंकर लाल यदु, प्रेमनारायण ध्रुव, सुषमा गिलहरे एवं समस्त शिक्षकों के द्वारा माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ प्रारम्भ हुआ। विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्कूलों में बच्चों को स्पोकन इंग्लिश के माध्यम से बेसिक स्पोकन इंग्लिश में रुचि बढ़ाई जा सकती है, बच्चों की दक्षता विकास के लिए मार्गदर्शन दिया गया। मास्टर ट्रेनर्स वासुदेव प्रजापति एवं पद्मजा गुप्ता ने प्रथम सत्र में इंट्रोडक्शन गेम एवं गेसिंग गेम के माध्यम से काफी अच्छे से गतिविधि कराई।



द्वितीय सत्र में केएल नायक, डीएमसी एवं डीआरजी विल्सन पी थॉमस उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी बोलने सीखने सिखाने की प्रक्रिया पूरी तल्लीनता से आवश्यक है। आज के परिवेश को देखते हुए विद्यालयों में ऐसा वातावरण तैयार करें जिससे स्पोकन इंग्लिश सीखने में आसानी हो, विभिन्न गतिविधियों के साथ मनोरंजक गतिविधि भी आयोजित कराई जाएं। विल्सन पी थॉमस डीआरजी ने भी बच्चो की सीखने की क्षमता एवं विद्यालय से सम्बंधित विभिन्न विषयवस्तु के बारें में विस्तार पूर्वक बातचीत की। इस दौरान भारत लाल साहू, देवनारायण यदु, देवेंद्र ध्रुव, टायल पटेल, खूबचन्द बारले, ताराचंद साहू, नोहर लाल पटेल, कुंती भारती, यशोमती यदु, अनुसूईया साहू, अश्वनी निर्मलकर, हसीं रानी बेनर्जी, चन्द्रिका साहू, चितरंजन ध्रुव, सोनिया ध्रुव, पूनम निषाद, नरोत्तम बघेल, फलेंद्र ठाकुर, शिव ठाकुर, बलवंत बघेल, देवकरण ध्रुव शामिल थे।

**कलेक्टर की अध्यक्षता में शिशु संरक्षण माह की बैठक सम्पन्न**

# 1 लाख 11 हजार बच्चों को पिलाया जाएगा आयरन सिरप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर दीपक कुमार की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आगामी 19 जुलाई से 23 अगस्त तक होने वाले शिशु संरक्षण माह कार्यक्रम के संचालन व संपादन के लिए अंतर्विभागीय जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को कहा कि इस कार्यक्रम के बेहतर संचालन तथा क्रियान्वयन के लिए पंचायत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि शिशु संरक्षण माह के दौरान की जाने वाले विभिन्न गतिविधियों के बारे में आवश्यक प्रचार-प्रसार, मुनादी, प्रशिक्षण, दवाइयों की उपलब्धता व किशोर-किशोरियों व अभिभावकों को दवा सेवन के बारे में जानकारी प्रदाय कर शत प्रतिशत दवा सेवन कराया जाए। साथ ही इसका मॉनिटरिंग भी करें। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि शिशु संरक्षण माह कार्यक्रम अंतर्गत सभी स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को विटमिन-ए व 06 माह से 05 वर्ष के बच्चों को आयरन सिरप पिलाया जायेगा।

- 19 जुलाई से 23 अगस्त तक शिशु संरक्षण माह कार्यक्रम



### बच्चों को आयरन सिरप सप्ताह में दो बार

जिले के 09 माह से 05 वर्ष तक के 53 हजार 107 बच्चों को विटामिन-ए की खुराक एवं 06 माह से 05 वर्ष तक के 58 हजार 691 बच्चों को आयरन सिरप 1 हजार 331 सत्र आयोजित कर सभी स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आंगनबाड़ी में प्रशिक्षित एएनएम व आशा के माध्यम से पिलाये जाने का लक्ष्य है। शिशु संरक्षण माह गतिविधियों में दी जाने वाली सेवाएं में 09 माह से 05 वर्ष के बच्चों को ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस में वर्ष में दो बार विटामिन-ए सिरप। 06 माह से 05 वर्ष के बच्चों को आयरन सिरप सप्ताह में दो बार। 06 माह से 05 वर्ष के बच्चों की एनिमिया जांच एवं प्रबंधन एवं 05 वर्ष तक के बच्चों का वजन लिया जायेगा। इसके अलावा प्रसव पश्चात स्तनपान के विषय संवर्धन हेतु प्रचार-प्रसार एवं परामर्श गतिविधि, स्तनपान के साथ-साथ 06 माह पश्चात आयु अनुरूप आहार की जानकारी प्रदान करना। अति गंभीर कुपोषित बच्चे है, उन्हें चिन्हांकन कर पोषण पुनर्वास केन्द्र में आहार प्रदायगी सहित संक्रमण के उपचार हेतु भर्ती किया जायेगा।

## लंबित वेतन व पेंशन की मांग को लेकर सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



**नवापारा-राजिम।** पालिका के कर्मियो ने लंबित वेतन एवं पेंशन की मांग को लेकर सीएमओ प्रदीप मिश्रा को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि 18 एवं 19 जुलाई को काली पट्टी लगाकर विरोध प्रगट करेंगे। 22 को कलम बंद हड़ताल पे रहेंगे और 29 जुलाई को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन जो जिला स्तर पर होगा, वहां जाएंगे। मालूम हो कि नगरीय निकायो में हमेशा कर्मचारियो के वेतन की समस्या बनी हुई रहती है। शासन स्तर में भी पालिका कर्मियो की सुनवाई नही होती है और न ही इस संबंध में सार्थक हल निकलता है। वेतन यदि न मिले तो कोई भी विभाग क्यो न हो, घर का खर्च कै से चलेगा? पालिका में कमोवेश यही स्थिति है। बताया गया है कि नगरीय निकाय महासंघ की बैठक में इस समस्या को लेकर चरणबद्ध व शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। 29 तारीख को एक दिवसीय हड़ताल में बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी शामिल होंगे जिसमें नवापारा के पालिका कर्मचारी भी जाएंगे।